अपील संख्या – 704 / 2011

श्री भैंरू राम शर्मा
ग्राम पोस्ट खोराबीसल,
वाया झोटवाडा,
जिला जयपुर (राज.)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी,
सचिव, ग्राम पंचायत, खोराबीसल,
वाया झोटवाडा,
जिला जयपुर (राज.)

24-01-2012

1. अपीलार्थी उपस्थित।
2. प्रत्यर्थी पक्ष से कोई भी उपस्थित नहीं।
3. मैंने अपीलार्थी को सुना और पत्रावली का अवलोकन किया।
4. अपीलार्थी ने अपने आवेदन दिनांक 15–09–2010 के माध्यम से माह अप्रेल 2005 से माह मार्च, 2010 तक विभिन्न योजनाओं में ग्राम पंचायत खोराबीसल में जो निर्माण किये गये उनके एस्टीमेट तथा एम.बी. की प्रमाणित प्रतिलिपियों की अपेक्षा की थी। साथ ही उन्होंने पानी की टंकियों व जल वितरण हेतु डाली गई पाईप लाईन के एस्टीमेट व एम.बी. की प्रतियाँ चाही थी।
5. जिस प्रकार से पाँच वर्ष की अत्यन्त विस्तृत सूचना चाही जा रही है यह सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 7 (9) के अनुसार देय नहीं है। परन्तु फिर भी न्याय हित में मैं यह अपेक्षा करूंगा कि प्रत्यर्थी पक्ष इस आदेश प्राप्ति के 15 दिवस में एक तिथि, समय और स्थल सुनिश्चित कर अपीलार्थी को आमंत्रित कर लें और उन्हें अभिलेखों का अवलोकन करा दें। तदुपरान्त जो प्रतियाँ वे चाहें उन्हें 50 पृष्ठों तक निःशुल्क एवं 200 पृष्ठों तक छाया प्रतियाँ नियमानुसार शुल्क लेकर उपलब्ध करा दें।
6. अस्तु वर्तमान अपील को उपरोक्तानुसार निर्णीत किया जाता है।
7. मेरे हस्ताक्षर एवम् आयोग की मोहर लगाकर आज दिनांक 24–01–2012 को निर्णय किया गया।
8. आदेश की प्रति उभय पक्ष को प्रेषित हो।

(टी. श्रीनिवासन)
मुख्य सूचना आयुक्त

मिश्रा